# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–09.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए संसद में मतदान प्रक्रिया पूरी, मतगणना जारी, एनडीए के सी.पी. राधाकृष्णन और इंडी गठबंधन के बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच मुकाबला।
- एनआईटी जमशेदपुर ने इंजीनियरिंग संस्थानों की राष्ट्रीय रैंकिंग में देश में हासिल किया 82वां स्थान, आने वाले वर्षों में टॉप 50 में शामिल होने का लक्ष्य ।
- मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की हुई बैठक, ट्रांसजेंडरों को योजनाओं से जोड़ने के लिए राज्यव्यापी सर्वे का लिया गया निर्णय।
- हजारीबाग पुलिस ने वाहनों में आगजनी करने वाले सात अपराधियों को किया गिरफ्तार, हथियार, गोली और नक्सली दस्तावेज भी किए बरामद।
- मौसम विभाग ने राज्य में अगले पांच दिनों तक जारी किया येलो अलर्ट, तेज हवा और वज्रपात के साथ कई हिस्सों में बारिश की संभावना।

******************

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गई है। मतदान सवेरे 10 बजे से शाम 5 बजे तक हुआ। मतगणना नए संसद भवन में शुरू हो गई है। उपराष्ट्रपति चुनाव का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन तथा इंडी गठबंधन के उम्मीदवार और पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच है। संसद के दोनों सदनों के सदस्यों ने उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए वोट डाले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले वोट डाला।

******************

एनआईटी जमशेदपुर ने नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क एनआईआरएफ (NIRF) 2025 में देश के शीर्ष 100 इंजीनियरिंग संस्थानों में जगह बनाते हुए 82वां स्थान और देशभर के 31 एनआईटी में 17वां स्थान हासिल किया है। संस्थान के निदेशक डॉ. गौतम सूत्रधर ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता, शोध कार्य और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार से यह उपलब्धि मिली है और लक्ष्य आने वाले वर्षों में टॉप 50 में स्थान पाना है। उन्होंने इसे शिक्षकों, शोधार्थियों और छात्रों की मेहनत का परिणाम बताते हुए गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने पर बल दिया।

******************

मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में रांची में झारखंड ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की बैठक हुई। मुख्य सचिव ने ट्रांसजेंडरों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए राज्यव्यापी सर्वे कराने और जिलास्तरीय समिति के शीघ्र गठन का निर्देश दिया। बैठक में सामने आया कि ट्रांसजेंडर अपनी पहचान उजागर करने से हिचकते हैं, जिससे पहचान पत्र, आरक्षण, पेंशन और स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़ने में दिक्कत होती है।

******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा पर अतिक्रमण हटाने के मसले को लेकर बेवजह राजनीति करने और जनता को भड़काने का आरोप लगाया है। आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में झामुमो महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि रेलवे और एचईसी की जमीन से अतिक्रमण हटाने के मामले में राज्य सरकार केंद्र के निर्देशों के अनुसार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अतिक्रमणकारी मूल रूप से झारखंडी नहीं हैं और झारखंडियों के स्वभाव में अतिक्रमण नहीं है।

******************

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने दलों से यथाशीघ्र बूथ लेवल एजेंट नामित कर त्रुटिरहित और स्वच्छ मतदाता सूची सुनिश्चित करने का आग्रह

किया। दावा/आपत्ति की अवधि 2 से 17 सितंबर तक है और योग्य नागरिक अपने नाम दर्ज, संशोधन या स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन या संबंधित कार्यालयों में आवेदन कर सकते हैं।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की। आज हम खेल क्षेत्र के लिए किए गए जीएसटी सुधारों की बात कर रहे हैं। हमारी संवाददाता ने बताया है कि खेल के सामानों पर जीएसटी दर 12: से कम होकर 5: हो गई है और ये 22 सितंबर से लागू होंगे।

******************

हजारीबाग पुलिस ने चरही थाना क्षेत्र में सीसीएल आउटसोर्सिंग कंपनी के छह वाहन जलाने की घटना का खुलासा करते हुए सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से हथियार, गोली, चाकू, मोबाइल और नक्सली संगठन से जुड़े आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए।

******************

देवघर में सिविल सर्जन डॉ. जुगल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में वेक्टर जनित रोगों के नियंत्रण पर रीओरियंटेशन प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें जिले के 51 स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। प्रशिक्षण में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूकता और निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया गया। सिविल सर्जन ने निर्देश दिया कि हर बुखार के मरीज की मलेरिया जांच कराकर समय पर इलाज और फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए।

******************

खेल कूद और कसरत से दूरी बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। इसके मद्देनजर बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा ने सराहनीय पहल की है। विस्तृत ब्यौरा के साथ हमारे संवाददाता–

******************

मौसम विभाग ने राज्य में अगले पांच दिनों तक तूफान और खराब मौसम की चेतावनी के साथ येलो अलर्ट जारी किया है। 13 सितंबर तक राज्य के कई जिलों में तेज हवा की रफ्तार 30–40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुँच सकती है।

******समाप्त*******